INDIAN INDUSTRIES ASSOCIATION
AN APEX BODY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
(IN THE SERVICE OF MSME SINCE 1985)

सन्दर्भ सं- 3/Bedu/0142 22.04.2020

सेवा में,
श्रीमती रेणुका कुमार, आई.ए.एस
अपर मुख्य सचिव
बेसिक शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

विषय: उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश की इकाईयों को दी गई पाठ्य पुस्तको के मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु इकाईयों को लॉक डाउन के समय कार्य करने का आदेश जारी करने के सम्बन्ध में।

महोदय,
आज देश एवं दुनिया जिस भयंकर त्रासदी को झेल रहे हैं और जिस प्रकार प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार इस त्रासदी पर विजय पाने के लिए प्रयास कर रहे हैं, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) सरकार के प्रयासों को सफल बनाने में भरसक प्रयत्न कर रहा है। देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था तथा रोजगार सृजन में उद्योगों का योगदान आप भली भांति जानती है। आज अप्रत्याशित आपदा के समय में भी अनेक उद्योग आवश्यक सेवाओं और उत्पादों का निर्माण करने में दिन रात लगे हैं। शिक्षा भी बच्चो के लिए आवश्यक है। जिसके लिए पाठ्य पुस्तको का मुद्रण कर बच्चो तक समय से पहुचना आवश्यक है।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रदेश की सूक्ष्म एवं लघु इकाईयों को कक्षा 1 से 8 तक के बच्चो को निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की पाठ्य पुस्तको के मुद्रण एवं आपूर्ति का कार्य दिया है। देश 24 मार्च 2020 से लॉकडाउन है। WHO के रिपोर्ट के अनुसार देश में कोविड-19 की स्थिति देखते हुए लॉकडाउन 3 मई से ज्यादा समय के लिए बढ़ाना पड़ सकता है। यदि पाठ्य पुस्तको के मुद्रण का कार्य प्रारम्भ करने की अनुमति समय से प्रदान कर दी जाये तो कक्षा 1 से 8 तक के बच्चो को समय से पाठ्य पुस्तके प्राप्त हो जायेंगी। जिससे बच्चो की पढाई का नुकसान नही होगा।

इस सम्बन्ध में आईआईए ने अपना पत्र सं 3/SSI/0137 दिनांक 20.04.2020 को प्रमुख सचिव-सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम व निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उ०प्र० को ईमेल से प्रेषित किया था। जिसपर प्रमुख सचिव महोदय ने हमे 20.04.2020 को ही ईमेल द्वारा निर्देशित किया कि आईआईए यह उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग के समक्ष प्रस्तुत करे।

अत: आपसे निवेदन है कि पाठ्य पुस्तको के मुद्रण एवं आपूर्ति से सम्बन्धित इकाईयों एवं इन इकाईयों से जुडी इकाईयों को भी लॉक डाउन के समय नियमानुसार कार्य करने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

धन्यवाद

मनमोहन

मनमोहन अग्रवाल
महासचिव

Head Office : IIA Bhawan, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226 010
Tel.: +91-522-2720090, 3248178, Fax: +91-522-2720097, email : iia@iiaonline.in, website : www.iiaonline.in